आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 20.09.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आज श्री विजयपुरम के डीब्रेट में कार्यक्रम रखा गया है।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा – श्वेत क्रांति के दूसरे चरण से महिलाओं का सशक्तीकरण होगा और कई अन्य लाभों के अलावा जैविक खेती को मजबूती मिलेगी।
- दक्षिण अंडमान के चूना भट्टा में सड़क निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और ये कार्य अगले वर्ष जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।
- नवभारत साक्षरता मिशन के तहत कल सीतानगर गांव में सामाजिक चेतना केन्द्र का उद्घाटन किया गया।
- द्वीपसमूह में चार लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकांउट कार्ड सृजित किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय 'पीएम विश्वकर्मा' कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत प्रगति के एक वर्ष का प्रतीक है। कार्यक्रम में श्री मोदी पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और ऋण जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए प्रशासन की ओर से डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में आज दिन में ग्यारह बजे से व्यवस्था की गई है। मुख्य सचिव, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी इसमें शामिल होंगे।

<><><><><><><>

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि श्वेत क्रांति के दूसरे चरण से देश में महिलाओं का सशक्तिकरण, बच्चों में कुपोषण खत्म और रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे, जैविक खेती को मजबूती मिलेगी और मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी। नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के सौ दिनों में की गई परिवर्तनकारी पहलों की श्रृंखला पर एक राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूग्ध उत्पादक देश बन गया है। श्री शाह ने कहा कि सबसे

अधिक महिलाएं डेयरी क्षेत्र में लगी हुई हैं, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में साठ हजार करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के चूना भट्टा में सड़क निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और ये कार्य अगले वर्ष जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता वी. सुब्बाराज ने बताया कि इस कार्य के पूरा हो जाने से नॉर्थ–बे तक आवाजाही काफी सुगम हो जाएगी और यात्रियों के साथ–साथ पर्यटकों को भी काफी सुविधा मिलेगी।

श्री सुब्बाराज ने बताया कि विम्बर्लीगंज से मनारघाट तक की साढ़े चार किलोमीटर सड़क के आधे भाग में काम पूरा किया गया है। बचे हुए आधे भाग के लिए निविदा प्रकिया जारी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से कल से दो दिवसीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के सोलह वर्ष आयु वर्ग तक के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कल स्कूल लाईन स्कूल में स्कूल के उप–प्रधानाचार्य द्विजेन्दर राय ने किया। उन्होंने स्वस्थ और फिट रहने के लिए सभी से प्रतिदिन योग करने का अनुरोध किया। कल लड़कों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मंगलूटान की टीम को पहला और ब्यॉज़ सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की टीम को दूसरा स्थान मिला। विजेताओं को आज आयोजित होने वाले समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

जलयान एम वी शोम्पेन को हॉस्पिटल शिप में परिवर्तित किया गया है। मुख्य सचिव आज दिन में दस बजे फीनिक्स बे जेट्टी के स्टेज वन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इस जलयान को पुनः समर्पित करेंगे।

<><><><><><><>

भारत सरकार की ओर से देशभर में नवभारत साक्षरता मिशन चलाया जा रहा है। मिशन के तहत कल सीतानगर गांव में सामाजिक चेतना केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सीतानगर क्लस्टर के नोडल अधिकारी बलबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक साक्षर

समाज ही देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकता है। मिशन के लक्ष्यों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के तहत पन्द्रह से पैंतीस वर्ष तक के गैर–साक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान में सक्षम बनाया जाएगा। पंचायत प्रधान बिप्लब मण्डल ने ग्रामवासियों से इसका लाभ उठाने का अनुरोध किया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रमिला सरकार ने भी अपने विचार रखें।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज अंचल के शिक्षकों के लिए कल पहल प्लस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने शिक्षकों के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और द्वीपों में शैक्षिक उत्थान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पहल प्लस एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां शिक्षकों को विद्यार्थियों के भविष्य को सुधारने में सहायता मिलती है और इसी के माध्यम से वे योजना तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट डिजिटल टेक्नोलॉजी तथा छात्र केन्द्रित है और इससे द्वीपों के सरकारी स्कूलों को लाभ मिलेगा। राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्या संगीता चांद ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

कन्यापुरम पंचायत प्रधान पी. अब्दुल बशीर ने विम्बर्लीगंज निवासी शेशा रत्नम के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज जी. बी. पन्त अस्पताल में निधन हो गया। वे अड़सठ वर्ष की थीं।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के छः वर्ष पूरा होने तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन वर्ष पूरा होने के सिलसिले में पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य द्वीपवासियों को योजना के बारे में जानकारी देना और इसके लाभ के बारे में उन्हें जागरूक करना है। द्वीपसमूह में चार लाख तैंतालीस हजार पैंसठ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड सृजित किया गया है। इसके माध्यम से मरीजों को मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और उन्हें स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी देना है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के तहत द्वीपसमूह में वर्तमान में पच्चीस हजार

दो सौ चौवन परिवारों के बहत्तर हजार चार सौ सैंतालीस सदस्यों का पंजीकरण किया जा चुका है। अब तक योजना के तहत द्वीपसमूह से मुख्यभूमि के सूचीबद्ध अस्पतालों में करीब दो हजार लाभार्थियों को रेफर किया जा चुका है।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा के सिलसिले में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभाग के अवर निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह के नेतृत्व में विज्ञान केन्द्र परिसर में साफ–सफाई की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपों को साफ–सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने में सभी लोगों का योगदान जरूरी है। स्वच्छ पर्यावरण होगा, तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा और इससे एक स्वच्छ समाज का निर्माण होगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

पी. एम. विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज राज्य स्तरीय समारोह आयोजित होने और द्वीपों में आयुष्मान पखवाड़ा मनाए जाने के समाचार को  द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बडी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने क्रैच स्थपित करने के लिए व्यापक न्यूनतम मानक जारी करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी  है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपों में दो अक्तूबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे– इंफो इंडिया की खबर है। दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है। भारत और बांगलादेश के बीच चेन्नई में खेले जा रहे दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पहले टेस्ट मैच में आर. अश्विन और जडेजा की जोड़ी द्वारा भारतीय पारी संभालने के समाचार को अखबार ने अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>